6. प्रकरण का अवलोकन एवं अध्ययन किया गया। अपीलार्थी के आवेदन में वांछित जनवरी 2025 की स्थिति में जानकारी पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में विभाग के अधीन स्थापित 61 संभागों से संबंधित है। अपीलार्थी के आवेदन में वांछित जानकारी के संबंध में इस लोक प्राधिकारी के बजट शाखा द्वारा लेख किया गया कि इस विभाग के अधीन समस्त संभागों के अंतर्गत संधारित की जाती है। उल्लेखनीय है कि समस्त संभागों में पृथक–पृथक जनसूचना अधिकारी पदस्थ हैं। इस परिपेक्ष्य में जानकारी हेतु संबंधित संभागीय कार्यालय को पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत कर जानकारी प्राप्त करने की सलाह दिया जाना, अधिनियम के प्रावधानों अनुरूप विधिसम्मत है।

7. प्रकरण का न्यायसंगत निराकरण किये जाने की दृष्टि से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा–4 के प्रावधानों के तहत जानकारी विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित करने के निर्देश के अंतर्गत विभागीय वेबसाइट **www.cgwrd**.in का अवलोकन किये जाने पर पाया गया कि विभागीय वेबसाइट में उपलब्ध वित्तीय वर्ष 2025–26 की विभागीय बजट पुस्तिका में मार्च 2024 की स्थिति में संभागवार योजनावार भौतिक एंव वित्तीय प्रगति की जानकारी विभागीय वेबसाइट में उपलब्ध वित्तीय वर्ष 2025–26 की विभागीय बजट पुस्तिका में समाहित है, जिसे आवेदक आनलाइन **http://www.cgwrd.in/phocadownload/BUDGET 2025 26.pdf** का अवलोकन कर प्राप्त कर सकते हैं। यद्यपि आवेदक द्वारा जनवरी 2025 की स्थिति में भौतिक प्रगति एवं मासिक लेखे की जानकारी मांगी है। फिर भी आवेदक को विभागीय बजट पुस्तिका में विभाग के अंतर्गत चल रहे एवं प्रस्तावित समस्त निर्माण कार्यों की जानकारी विस्तृत स्वरूप में मिल जावेगी। आवेदक की सुविधा हेतु विभागीय बजट पुस्तिका 2025–26 की पीडीएफ फाइल उनके मेल में भेजी जावे।

8. **अतः उपरिवर्णित तथ्यों के आधार पर, प्रकरण में निम्नानुसार निर्णय दिया जाता है:–**

1. उत्तरवादी पक्ष अर्थात जन सूचना अधिकारी द्वारा अपीलार्थी के आवेदन में वांछित जानकारी हेतु संबंधित संभागों में पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत कर जानकारी प्राप्त करने की सलाह दिया जाना, अधिनियम में निहित प्रावधानों के अनुरूप विधिसम्मत है।

2. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा–4 के प्रावधानों के तहत जानकारी विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित करने के निर्देश के अंतर्गत विभागीय वेबसाइट **www.cgwrd.in** पर अपीलार्थी/आवेदक द्वारा वांछित जानकारी विभागीय वेबसाइट में उपलब्ध वित्तीय वर्ष 2025–26 की विभागीय बजट पुस्तिका में मार्च 2024 की स्थिति में संभागवार योजनावार भौतिक एंव वित्तीय प्रगति की जानकारी विभागीय वेबसाइट में उपलब्ध वित्तीय वर्ष 2025–26 की विभागीय बजट पुस्तिका में समाहित है, जिसे आवेदक आनलाइन **http://www.cgwrd.in/phocadownload/BUDGET 2025 26.pdf** का अवलोकन कर प्राप्त कर सकते हैं। यद्यपि आवेदक द्वारा जनवरी 2025 की स्थिति में कार्यों के भौतिक प्रगति

......4

